**दुर्घटना** तीन घायल, एक की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया, नोहटा थाना के 17 मिल के समीप हादसा

# दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, 2 की मौत





**नवभारत,दमोह.**जिले के नोहटा थाना के 17 मिल के समीप शुक्रवार की शाम दो बाइक सवार आपस में टकरा गए, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए.

पांच लोगों को घायल अवस्था में इलाज के लिए आरक्षक सुनील द्वारा जिला अस्पताल लाया गया. जहां ड्यूटीरत डॉ. जावेद खान व कौशिकी सिंह ने चेकअप उपरांत दो को मृत घोषित कर दिया और बाकी दो का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है. दामोदर अहिरवार की हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर रेफर किया गया है.

### तेजगढ़ से बनवार की ओर जा रहे थे

महेश अहिरवार ने बताया कि तेजगढ़ निवासी भुज्जी अहिरवार, दामोदर अहिरवार और परमलाल अहिरवार तेजगढ़ से बनवार की ओर जा रहे थे तभी उनकी टक्कर बाइक सवार सिमरी खुर्द निवासी जितेंद्र साहू से हो गई. बाइक पर जितेंद्र की पत्नी मोहिनी भी सवार थी. पांचों लोग घायल होकर सड़क पर गिर पड़े. स्थानीय लोगों ने 108 वाहन, पुलिस को सूचना दी और पांचों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया.

### पुलिस ने जांच शुरू की

जांच के बाद डॉक्टर ने भुज्जी अहिरवार और जितेंद्र साहू को मृत घोषित कर दिया, वहीं दामोदर अहिरवार, परमलाल अहिरवार और मोहिनी साहू का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है. घटना स्थल पर जबेरा विधानसभा प्रत्याशी रहे विनोद राय भी पहुंचे और उन्होंने घायलों को अस्पताल भिजवाया. इधर नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल, एएसआई नागेंद्र सिंह और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

### बोलेनो कार की टक्कर से दो घायल

जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर रोड ह्युंडई शोरूम के पास सागर रोड से आ रही तेज रफ्तार बोलेनो कार की टक्कर लगने से होटल के पास खड़े शोरूम केदो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है. इसके अलावा घटना स्थल पर खड़े दो पहिया वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए. घायलों का उपचार जिला अस्पताल में ड्यूटीरत डॉ. ऊर्जा झारिया द्वारा किया जा रहा है. घायलों में ह्युंडई कंपनी के कर्मचारी मोहन अहिरवार और ध्रुव पटेल शामिल है.



# 25 परिवारों पर विद्युत विभाग मेहरबान

**एक तरफ स्मार्ट मीटर तो दूसरी तरफ वर्षों से फ्री जला रहे लाईट**

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 9 जनवरी।** नगर में सभी बिजली उपभोक्ताओं के यहां विद्युत वितरण कंपनी ने सभी के यहां स्मार्ट मीटर कई महीनों पूर्व लगा दिए है, जिसका लोगों ने विरोध किया था, पर कुछ नहीं हुआ और लोगों को विद्युत विभाग की मनमर्जी के बिल भरने पड़ रहे है. नगर के वार्ड क्रमांक 9 में कृषि विभाग कार्यालय के पास रहने वाले 25 से अधिक घरों के लोग बिना बिल भरे वर्षों से फ्री विद्युत का उपयोग कर रहे है. इसमें विद्युत कर्मियों की मिलीभगत के आरोप लगा रहे है. इस संबंध में कई लोगों ने विद्युत कर्मियों पर आरोप लगाते हुए बताया कि एक तरफ पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा हम लोगों के यहां जबरन स्मार्ट मीटर लगाकर अनाप शनाप बिल बसूल रहे है और दूसरी तरफ फ्री में विद्युत सप्लाई हो रही है।

### विद्युत कर्मियों पर मिलीभगत का आरोप

25 से अधिक परिवारों पर विद्युत विभाग मेहरबान होकर बरसो से नि:शुल्क बिजली उपलब्ध करा रहा है. उक्त परिवार समस्त विद्युत उपकरणों का बेधड़क होकर उपयोग कर हर माह हजारों रुपए के विद्युत का नि:शुल्क उपयोग कर विभाग को चूना लगा रहे है और विद्युत कर्मचारी अनदेखी कर रहे है, जिससे लोगों द्वारा विद्युत कर्मियों पर लगाए जा रहे मिलीभगत के आरोप सही साबित हो रहे है।

# गुदरी तालाब के किनारे नजर आया मगरमच्छ



**कुम्हारी नवभारत 9 जनवरी।** गुदरी तालाब के पास रहने वाले वाशिंदे उस समय दहशत में आ गए जब उन्हें तालाब किनारे दो मगरमच्छ नजर आए। सूचना पर पहुंचे रेंजर अखिलेश चौरसिया ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने नागरिकों से कहा कि उस क्षेत्र में आने-जाने में सतर्कता बरते और तालाब से दूरी बनाकर रखे। मगरमच्छ पानी में रहने वाला सबसे ताकतवर जानवर माना जाता है, जिस तरह जंगल का राजा शेर होता है। मगरमच्छ की एक विशेषता होती है कि एक बार भोजन करने के बाद चार दिन तक भोजन की तलाश में पानी से बाहर नहीं निकलता। मगरमच्छ अक्सर धूप में अपना पाचन तंत्र सही करने आराम फरमाता है। अक्सर देखा जाता है कि मगरमच्छ आहट मिलने पर तुरंत पानी के अंदर चला जाता है।

# विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

**देवतरा के एकीकृत मिडिल स्कूल में निरीक्षण के दौरान तीन शिक्षक मिले अनुपस्थित**



**नवभारत,सिंग्रामपुर 9 जनवरी।** जबेरा विकासखंड के आखिरी छोर पर स्थित शासकीय एकीकृत मिडिल स्कूल देवतरा में शिक्षा व्यवस्था में भारी लापरवाही सामने आई है, जहां बच्चों के भविष्य के साथ खुलेआम खिलवाड़ हो रहा है.

विद्यालय में कुल 27 बच्चों का पंजीयन है, लेकिन शुक्रवार को केवल 11 विद्यार्थी ही विद्यालय में उपस्थित मिले. स्कूल में उपलब्ध स्टाफ के अनुसार एक प्रधानाध्यापक रथमेश कुमार जैन, एक शिक्षिका आर्या तिवारी और तीन गेस्ट टीचर पदस्थ हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान सिर्फ प्रधानाध्यापक और एक गेस्ट टीचर ही उपस्थित मिले, जबकि शिक्षिका आर्या तिवारी सहित दो गेस्ट टीचर दो दिनों से स्कूल नहीं पहुंचे.

### मैडम सिर्फ दो या तीन दिन ही आती हैं

बच्चों ने बताया कि मैडम सप्ताह में सिर्फ दो या तीन दिन ही आती हैं. बाकी दिनों में स्कूल से अनुपस्थित रहती हैं. इसी तरह गेस्ट टीचर भी समय पर स्कूल नहीं आते, जिससे पूरी कक्षाएं बिना पढ़ाई के चलती हैं। यह स्थिति साफ बताती है कि शिक्षक और गेस्ट टीचर बच्चों की पढ़ाई को लेकर कितने लापरवाह हैं.

### मध्याह्न भोजन योजना में भी गड़बड़ी

इतना ही नहीं मध्याह्न भोजन योजना में भी गड़बड़ी सामने आई मीनू के अनुसार भोजन नहीं मिला बच्चों को दिनभर कभी सिर्फ रोटी-दाल तो कभी दाल-चावल से ही पेट भरना पड़ा इससे पता चलता है कि खाना बनाने और वितरण में भी गंभीर अनियमितता है। इस अव्यवस्था से अभिभावक नाराज दिखाई दिए और शिकायत की कि जब बच्चे स्कूल जाते हैं तो अध्यापक ही अनुपस्थित मिलते हैं, जिससे बच्चों का भविष्य खतरे में है.

### स्कूल पहुंचकर जांच करूंगा : बीआरसी

जबेरा विकासखंड के बीआरसी प्रवेंद्र वैध ने मामला सामने आने के बाद स्वीकार किया कि आपके माध्यम से जानकारी मिली है कि एक शिक्षिका और दो गेस्ट टीचर स्कूल नहीं पहुंच रहे मैं स्वयं कल स्कूल पहुंचकर जांच करूंगा तथा नियम विरुद्ध अनुपस्थित रहने वालों पर कार्रवाई की जाएगी.

## एक नजर में



### इंटरसिटी का नाम अब होगा मूकमाटी एक्सप्रेस

**नवभारत,दमोह।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज गोलू ने मुनि अभयसागर महाराज की प्रेरणा से जबलपुर से रायपुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस का नाम विद्यासागर महाराज के नाम पर अथवा उनके द्वारा रचित महाग्रंथ मूमाटी के नाम पर मूकमाटी एक्सप्रेस करने के लिए सांसद राहुल सिंह लोधी को पत्र लिखा था. सांसद राहुल सिंह द्वारा पत्र लिखकर व व्यक्तिगत रूप से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव समाज की भावना से अवगत कराया. इसे संज्ञान में लेकर रेल मंत्री ने आचार्य विद्यासागर महराज द्वारा रचित महाकाव्य मूकमाटी के नाम पर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नाम बदलकर मूकमाटी-एक्सप्रेस किया.

### खेत में मिला महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस




**नवभारत,दमोह।** जिले के नोहटा थाना की बनवार पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घाट बम्होरी के समीप खेत में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त मकुंदी गौड़ के रूप में की है.पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा भेज दिया है.फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

### संस्कृति मंत्री को दिया पंच कल्याणक महोत्सव का निमंत्रण



**नवभारत,दमोह।** मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को अंतरराष्ट्रीय पंच कल्याणक महोत्सव का आमंत्रण पत्र दिया गया.दमोह संसदीय क्षेत्र के शाहगढ़ निवासी जैन संत प्रज्ञा श्रमण आचार्य देव नंदी जी महाराज की प्रेरणा से निर्मित क्षेत्र श्री णमोकार में आगामी फरवरी माह में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होना है.आयोजन में उपस्थिति हेतु तीर्थ क्षेत्र से जुड़े भक्तजनों के द्वारा कमेटी के माध्यम से निमंत्रण पत्र संस्कृति मंत्री को दिया गया.कमेटी के द्वारा संस्कृति मंत्री से आयोजन में उपस्थिति का आग्रह किया गया. जिस के बाद उन्होंने इस आयोजन में उपस्थिति का आश्वासन दिया इस दौरान राजकुमार जैन,महेंद्र जैन, जय कुमार जैन,आशीष जैन उपस्थित रहे.

### नवागत कार्यपालन यंत्री अदिति ने संभाला पदभार



**नवभारत,दमोह।** ग्रामीण यांत्रिकी विभाग संभाग दमोह की नवागत कार्यपालन यंत्री श्रीमती अदिति एच ठाकुर ने शुक्रवार को ज्याइन किया. बता दे कि इसके पूर्व प्रभारी रा मनोज गुप्ता का किसी कारण हटा दिया गया है उनकी जगह पर श्रीमती अदिति हा ठाकुर ने पदभार ग्रहण कार्यभार शुरू किया.

# अभिनेता इश्तियाक ने किया एमपी 34 का विमोचन

**बुंदेलखंड फिल्म फेस्टिवल में अनेक कलाकार रहे उपस्थित**



**नवभारत,दमोह 9 जनवरी।** बुंदेलखंड फिल्म फेस्टिवल के संरक्षक अध्यक्ष अखिलेश निगम व मप्र संस्कृति मंत्री प्रतिनिधि सत्येंद्र भावसिंह लोधी की उपस्थिति में बॉलीवुड अभिनेता इश्तियाक खान, अभिनेता राजीव अयाची, सिनेमेटोग्राफर हरीश पटेल, बॉलीवुड अभिनेता कमलेश खरे, समाजसेवी सत्येंद्र साहू, चंदू राय, अभिनेता प्रिंस चौरसिया, समाजसेवी शेरा जैन व कलाकारों की उपस्थिति में दमोह की पृष्ठभूमि पर आधारित बुंदेली गीत दि रोर-एमपी 34 का पोस्टर और टीज़र राधिका गार्डन में भव्यता के साथ लॉन्च किया गया. एके फिल्म प्रोडक्शन हाउस के द्वारा निरंतर दमोह की युवा अभिनय प्रतिभाओं को डिजिटल मंच देने की उद्देश्यपूर्ति हेतु शॉर्ट फिल्म्स, एल्बम, डॉक्यूमेंट्री फिल्म,स्टोरी बेस्ड एवी निर्माण के क्षेत्र में लंबे समय से कार्य किया जा रहा है. विगत वर्षों में संस्था द्वारा निर्मित शॉर्ट फिल्म आज़ाद, माया, भारद्वाज सहित एल्बम सॉन्ग सारी सारी रात कई प्रतिष्ठित फिल्म्स फेस्टिवल्स में नॉमिनेट होकर पुरुस्कृत भी हुए हैं.

### पोस्टर व टीजर किया गया रिलीज

इसी क्रम में कुछ नए प्रयोग भी संस्था द्वारा किए जा रहे हैं जो कि निरंतर लक्षित भी हो रहे हैं. बुंदेलखंड फिल्म फेडरेशन व फिल्म पर्यटन समागम द्वारा आयोजित बुंदेली फिल्म फेस्टिवल की अंतरिम तैयारियों के साथ दमोह शहर के कलाकारों सहित एके फिल्म प्रोडक्शन हाउस द्वारा निर्मित दि रोर-एमपी34-34 म्यूज़िक वीडियो एल्बम का पोस्टर और टीज़र रिलीज़ किया गया.



# इकरार उस्ताद जिले की शान थे : दुबे

**11वें इकरार उस्ताद स्मृति समारोह का समापन**

**दमोह, 9 जनवरी।** गतिमान परंपरा में 11वां इकरार उस्ताद स्मृति समारोह 2026 गुरूवार रात को संपन्न हुआ. समारोह के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री पशु पालन डेयरी मध्य प्रदेश शासन लखन पटेल थे. अध्यक्षता विद्या भारती मप्र क्षेत्र मप्र/छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विवेक शेण्डये ने की. विशिष्ट अतिथि अजय टंडन पूर्व विधायक, श्याम शिवहरे जिला अध्यक्ष भाजपा रहे. समरसता के प्रतिनिधि के रूप में पंडित कुंजीलाल डिम्हा, जनबा हाजी अलीम खान, सरदार कैप्टन डीएस वाधवा व फादर रॉक माइकल मरियन की उपस्थिति रही. कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा बंसल के सत्यम शिवम सुंदरम प्रेरणा गीत से हुई.मंचासीन अतिथियों ने मंत्र ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित किया. आयोजन समिति की ओर से धर्मेश्वर मिश्रा, अनवर उस्ताद, ललित नायक, अंसार उस्ताद, मन्नू उस्ताद, डॉक्टर नाजिर खान, सुशील नामदेव, वीरेंद्र दबे, जिया उस्ताज, परवेज खान आदि ने उपस्थित अतिथियों का पुष्पाहारो से स्वागत किया.

अतिथि वक्ता संस्कृति कर्मी नरेंद्र दुबे ने इकरार उस्ताद के जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि वह जिले की शान थे और उन्होंने अपनी अमिट छाप छोड़ी. मुख्य अतिथि राज्य मंत्री लखन पटेल ने इकरार उस्ताद के अनेक पारिवारिक संस्मरण सुनाये और कहां कि उनकी भूमिका अच्छे पिता और योग्य शुभचिंतक की थी. पूर्व विधायक अजय टंडन ने उस्ताद के खेलों में किए गए योगदान को नमन किया.

# अवैध रेत उत्खनन पर खनिज विभाग ने ट्रैक्टर किया जब्त



**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 9 जनवरी को अपराह्न 2:30 बजे बटियागढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम मेहलवारा में रेत-बजरी के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जांच की गई। खनिज विभाग के अधिकारी ने बताया, जांच के दौरान साजली एवं बेबस नदी के संगम स्थल पर पुल के नीचे से रेत-बजरी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया जाना पाया गया। मौके से एक बिना नंबर का नीले रंग का फार्म ट्रैक्टर जब्त किया गया, जिसे सुरक्षार्थ पुलिस चौकी केरबना में सुपुर्द किया गया है।उन्होने बताया, इस प्रकरण में खनिज नियमों के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है।

**मनमानी** प्रबंधन पर लगाया मनमानी का आरोप, योग्य पेशेवर युवा बाहर जाने को मजबूर, प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने का भी नहीं हुआ असर

# स्थानीय युवाओं को नहीं मिल रहा मायसैम सीमेंट फैक्ट्री में रोजगार



**नवभारत,पथरिया 9 जनवरी।** पथरिया ब्लाक के ग्राम पंचायत नरसिंहगढ़ में स्थित मायसैम फैक्ट्री में फिटर, इलेक्ट्रॉशियन, डीज़ल मेकेनिक, वेल्डर, सिविल इंजीनियर डिप्लोमा जैसी योग्यता वाले नवयुवकों ने निरंतर फार्म भरे गए, लेकिन प्रबंधन ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। इससे आक्रोशित युवकों ने विरोध प्रदर्शन कर शासन प्रशासन को ज्ञापन भी दिए, लेकिन प्रबंधन की मनमानी जारी रही। इससे योग्य पेशेवर युवा रोजगार से वंचित रहे और बाहर जाने मजबूर हुए।

फैक्ट्री के धुएं और डस्ट से पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। प्रदूषण की वज़ह से वातावरण में जहर फैल रहा हैं, जिससे मानव व मूकधन जीवन पर खतरा मंडरा रहा हैं। नरसिंहगढ़, महूना, किशुनगंज, सूखा, सतपारा, बिलानी गूड़ा आदि गांवों के किसानों की भूमि मुख्य रूप से डस्ट और पत्थर निकालने के कारण खराब हो गई।

### बाहरी लोगों व अन्य ठेकेदारों को दिया रोजगार

कंपनी के कई विभागों में प्रबंधन द्वारा दमोह जिले के बाहर मुख्य रूप से रीवा सतना के लोगों को रोजगार दिए गए एवं दिए जा रहें है, वही डेक्कन कंपनी व अन्य ठेकेदारों से कार्य करवाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि रीवा सतना के करीब सत्तर प्रतिशत लोगों को फैक्ट्री में रोजगार दिया गया है और विगत वर्ष माह दिसंबर में रीवा व सतना जिले के करीब चार लोगों की गोपनीयता से सतपारा माइंस में नियुक्तियां की गई हैं।

### ग्रामीण कई सुविधाओं से वंचित

फैक्ट्री से जुड़े मुख्य गांव के बेरोजगार लोग सड़क, जल और भी अन्य कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ग्रामीणों की सुविधा, सुरक्षा और रोजगार को लेकर क्षेत्र के विशेष जिम्मेदार एवं सीएलएफ संगठन की सक्रिय सदस्य गीता पटेल, रेणुका ठाकुर, सुमन लोधी, किसान संघ से श्रीराम पटेल, गजेंद्र पटेल,भूपेंद्र सिंह ठाकुर, जागो युवा संगठन से आनंद यादव, पतंजलि परिवार से सुदेश चौरसिया, आजाद समाज पार्टी से रामरतन यादव, पत्रकार नीलेश विश्वकर्मा, एड. नीलेश सिंह राजपूत, एड. अंकित सिंह राजपूत, परम पटेल द्वारा क्षेत्रीय युवाओ, किसानों को रोजगार एवं मूलभूत सुविधाएं प्राप्त नहीं होने से नाराजगी व्यक्त की है।